पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी | मो. 9587570001 | Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : रविवार 20 सितम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया


# जयपुर में भाजपा से सुनील कोठारी मेयर उम्मीदवार

## कांग्रेस ने 3 प्रत्याशी उतारे, कोटा में आखिरी समय में नाम तय; जोधपुर में गैर पार्षद कांग्रेस उम्मीदवार

### जयपुर में भाजपा-कांग्रेस के मेयर उम्मीदवार



**सुनील कोठारी**

| वार्ड नंबर | कितने वोट से जीते |
|---|---|
| 112 | 906 |

**हराया:** आशीष, कांग्रेस

**क्यों:** पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। भाजपा शहर अध्यक्ष के पद पर भी रह चुके हैं। संगठन की कई जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं।



**सुनीता मावर**

| वार्ड नंबर | कितने वोट से जीते |
|---|---|
| 118 | 676 |

**हराया:** विकास कोठारी, बीजेपी

**क्यों:** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सीनियर पार्षद हैं। पिछली बार भी मेयर की दावेदार थीं।

### जोधपुर में भाजपा-कांग्रेस के मेयर उम्मीदवार



**प्रसन्नचंद मेहता**

| वार्ड नंबर | कितने वोट से जीते |
|---|---|
| 82 | 400 |

**हराया:** अरविंद परिहार, कांग्रेस

**क्यों:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से आने वाले प्रसन्नचंद मेहता संगठन के पुराने सिपाही हैं और भाजपा में जिलाध्यक्ष से लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे कई अहम पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के भी नजदीकी हैं।



**राजेंद्र सोलंकी**

- पार्षद का चुनाव नहीं लड़ा
- जोधपुर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे
- यूआईटी-जेडीए चेयरमैन रह चुके

**क्यों:** राजनीति का लंबा अनुभव। पूर्व सीएम गहलोत के करीबी। पिछली कांग्रेस सरकार में आरएसएलडीबी चेयरमैन रहे। राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त था।

### कोटा में भाजपा-कांग्रेस की मेयर उम्मीदवार



**अनुसुईया गोस्वामी**

| वार्ड नंबर | कितने वोट से जीते |
|---|---|
| 98 | 420 |

**हराया:** आयुष पारेत, कांग्रेस

**क्यों:** लंबे राजनीतिक अनुभव और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खेमे से नजदीकी के चलते उनको पार्टी ने मेयर उम्मीदवार के लिए फाइनल किया है।



**सुनीता सुमन**

| वार्ड नंबर | कितने वोट से जीते |
|---|---|
| 17 | 433 |

**हराया:** संजय, भाजपा

**क्यों:** पति हरिओम सुमन पूर्व मंत्री शांति धारीवाल के खेमे से आते हैं। पिछली बार कोटा उत्तर निगम के वार्ड 66 से पार्षद चुने गए थे। इस बार पत्नी को चुनाव लड़ाया था। सुमन पहली बार पार्षद बनी हैं।

**जयपुर कासं।** जयपुर में भाजपा ने सुनील कोठारी को मेयर प्रत्याशी बनाया है। प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी ने कोठारी के नाम की आधिकारिक घोषणा की। जोधपुर में भाजपा ने प्रसन्नचंद मेहता को मेयर उम्मीदवार घोषित किया है। कोटा में आखिरी समय में अनुसुईया गोस्वामी को मेयर उम्मीदवार घोषित किया गया।

जयपुर में कांग्रेस ने सुनीता मावर को मेयर पद के लिए अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं रणनीति के तहत सुनीता मेठी और दशरथ अटल से भी नॉमिनेशन भरवाया है। जोधपुर में कांग्रेस ने अशोक गहलोत के करीबी राजेंद्र सोलंकी को मेयर उम्मीदवार बनाया है। सोलंकी ने पार्षद का चुनाव नहीं लड़ा था। कांग्रेस ने कोटा में सुनीता सुमन को मेयर कैंडिडेट बनाया।

भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी दफ्तर में क्ष्ष्ट सदस्य मनोज पालीवाल ने प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की 'सद्बुद्धि' के लिए यज्ञ किया। पालीवाल ने आरोप लगाया कि डोटासरा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को संभालने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं, इसलिए उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

**निकाय चुनाव से जुड़े अपडेट**

कांग्रेस की बाड़ाबंदी में पहुंची पुलिसः हनुमानगढ़ की संगरिया नगरपालिका अध्यक्ष पद के चुनाव से पहले कांग्रेस ने पंजाब में पार्षदों की बाड़ाबंदी कर रखी है। 2 पार्षदों ओमप्रकाश स्वामी और साहिल स्वामी के किडनैप का मामला दर्ज होने के बाद संगरिया पुलिस दोनों की तलाश में देर रात बाड़ाबंदी में पहुंची तो हंगामा हो गया। संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया की पुलिसकर्मियों से बहस हो गई।

अलवर में निर्दलीय पार्षद के समर्थकों को पीटाः अलवर में वार्ड 40 से निर्दलीय चुनाव जीतीं अनीता देवी बीजेपी की बाड़ेबंदी में चली गईं। इससे नाराज कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थकों ने अनीता देवी के 2 समर्थकों के साथ मारपीट कर दी। दोनों को अलवर जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया है।

कोटा में भाजपा के पार्षदों की बाड़ाबंदीः कोटा में बीजेपी में मेयर-डिप्टी मेयर को लेकर पेंच फंस गया है। बगावत के डर से पार्टी ने रातों रात पार्षदों की बाड़ाबंदी की और उन्हें चित्तौड़गढ़ ले गए। 2 महिला सहित 5 पार्षद पारिवारिक कारण बताकर बाड़ेबंदी में नहीं गए। जयपुर के भाजपा पार्षदों को पुष्कर भेजाः जयपुर के बीजेपी पार्षदों को पुष्कर शिफ्ट कियाः जयपुर के भाजपा पार्षदों की बगरू के होटल में बाड़ाबंदी की गई थी। शुक्रवार देर रात को सभी पार्षदों को पुष्कर के द सूर्या गोल्डन पैलेस होटल में शिफ्ट कर दिया।

# जैन होने के कारण अटका था सुनील कोठारी का नाम

## सीएम भजनलाल, संघ और संगठन की पसंद ने मेयर प्रत्याशी बनाया




**जयपुर कासं।** बीजेपी ने सुनील कोठारी को जयपुर नगर निगम से मेयर का प्रत्याशी बनाया है। सुनील कोठारी का मेयर बनना उनके टिकट मिलने के साथ ही लगभग तय हो गया था। लेकिन अंतिम समय में एकबार उनका नाम अटक गया था।

जयपुर नगर निगम के दो वार्डों में री-पोलिंग होने से जयपुर नगर निगम में मेयर का चुनाव अन्य निकायों से बाद में हुआ। ऐसे में पार्टी उदयपुर में जैन समुदाय से पारस सिंघवी को मेयर प्रत्याशी बना चुकी थी।

### जैन होने के कारण अटका नाम

वहीं, जयपुर में नाम तय होने से पहले पार्टी ने जोधपुर में प्रसन्न मेहता को अपना प्रत्याशी बना दिया था। यह भी जैन समुदाय से आते हैं। ऐसे में जो नाम शुरू से जयपुर मेयर के लिए पार्टी की पसंद था, वह एक बार के लिए अटक गया था। लेकिन सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेश नेतृत्व और संघ की पसंद के चलते सामाजिक समीकरण खिलाफ होने पर भी सुनील कोठारी ही पहली पसंद बने रहे।

### इतिहास ने दिया कोठारी का साथ

जब मामला इस बात पर अटका कि उदयपुर और जोधपुर के बाद भी क्या पार्टी को जयपुर में भी जैन समुदाय से ही प्रत्याशी बनाना चाहिए। उस समय सुनील कोठारी की किस्मत को इतिहास का भी साथ मिला। ठीक इस तरह की स्थिति बीजेपी में पहले भी हो चुकी है। उस समय भाजपा में निर्मल नाहटा जयपुर के मेयर और चंद्रसिंह कोठारी उदयपुर के मेयर थे। दोनों जैन समुदाय से आते हैं।

### पूर्व बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने लिखी पूरी पटकथा

दरअसल, सुनील कोठारी के मेयर बनने की पूरी पटकथा करीब 6 महीने पहले ही लिखी जा चुकी थी। बीजेपी के एक पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, जो संघ के बेहद करीब माने जाते है। उन्होने सुनील कोठारी को टिकट दिलाने से लेकर मेयर बनाने में अहम भूमिका निभाई। बताते है कि उन्हीं के कारण संघ ने सुनील कोठारी को सीएमआर में कॉर्डिनेटर के तौर पर लगाया था। कोठारी पिछले कुछ महीने से संघ और सरकार के बीच समन्वय का काम देख रहे थे। ऐसे में सीएम और संघ उनकी कार्यशैली से प्रभावित थे। निकाय चुनाव की घोषणा के बाद जब कोठारी को चुनाव लड़ाना तय हुआ तो उनके मेयर बनने तक के सफर की पूरी जिम्मेदारी इन्हीं नेता ने संभाली। उन्होने सत्ता, संगठन और संघ को सुनील कोठारी के नाम पर एक मंच पर लाने में अहम भूमिका निभाई।

# तिरुपति लड्डू विवाद - ईडी ने सुकृति फूड्स प्रमोटर को गिरफ्तार किया

## रु.96 करोड़ का मिलावटी घी सप्लाई किया; रोजाना 4 लाख लड्डू प्रसाद में बंटते हैं



**नई दिल्ली एजेन्सी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार देर शाम तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी में कथित मिलावट के मामले में सुकृति फूड्स के प्रमोटर कैलाश चंद मंगला को गिरफ्तार किया है। ईडी का आरोप है कि असली घी के नाम पर कथित तौर पर मिलावटी घी की सप्लाई की गई थी। एजेंसी के मुताबिक, तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (TTD) को एगमार्क स्पेशल ग्रेड काउ घी के नाम पर रिफाइंड पाम ऑयल, पाम कर्नेल ऑयल, पामोलिन और एसीटिक एसिड एस्टर जैसे केमिकल से तैयार घी सप्लाई किया गया। श्वष्ठ ने दावा किया कि 2019 से 2024 के बीच ञ्जञ्जष्ठ को करीब रु.230 करोड़ का घी सप्लाई किया गया था। इसमें से करीब रु.96 करोड़ का मिलावटी घी मंगला ने तैयार किया था। तिरुमाला मंदिर में रोजाना 4.08 लाख से ज्यादा भक्तों को लड्डू प्रसाद दिया जाता है।

**ईडी ने मंगला को 17 सितंबर को गिरफ्तार किया था**

ईडी ने बताया कि TTD घी मिलावट मामले में मंगला को 17 सितंबर को हैदराबाद स्थित उसके ऑफिस से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उसे विशाखापट्टनम की स्पेशल PMLA कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी के मुताबिक, मंगला ने मिलावट वाली सामग्री जुटाने और अपनी फैक्ट्री में मिलावटी घी तैयार करने में मदद की थी। तिरुपति लड्डू प्रसाद के लिए इस्तेमाल किया गया मिलावटी घी रिफाइंड पाम ऑयल, पाम कर्नेल ऑयल, पामोलिन और MG-90, मोनोग्लिसराइड्स, मायवसेट सॉफ्ट 400 और एसीटिक एसिड एस्टर जैसे केमिकल से तैयार किया गया था।

**ईडी ने पहले विपिन जैन को भी गिरफ्तार किया**

ईडी के मुताबिक, मंगला ने वैष्णवी डेयरी स्पेशियलिटीज, मल्गंगा मिल्क एंड एग्रो प्रोडक्ट्स और ए.आर. डेयरी फूड्स जैसी कंपनियों के जरिए मिलावटी घी की सप्लाई में भी मदद की। एजेंसी का आरोप है कि उसने घी और रिफाइंड पाम ऑयल की खरीद-बिक्री के फर्जी रिकॉर्ड भी बनाए, ताकि मिलावटी चीजों के इस्तेमाल को छिपाया जा सके और इसे असली गाय के घी की तरह दिखाया जा सके।

# 'विकसित देशों में कार्बन उत्सर्जन भारत से 6 गुना ज्यादा'

## पीएम मोदी ने कहा- पर्यावरण की बात करने वाले ही परमाणु ऊर्जा रोकने कोर्ट जाते हैं



**नई दिल्ली एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित देशों का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन भारत से करीब 6 गुना ज्यादा है, फिर भी जलवायु परिवर्तन की जिम्मेदारी अक्सर विकासशील देशों पर डाल दी जाती है। नई दिल्ली में शनिवार को 'द फ्यूचर ऑफ एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट डायनेमिक्स' इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन में मोदी ने कहा कि भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन वैश्विक औसत के आधे से भी कम है। मोदी ने कहा कि भारत परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तेजी से बढ़ाने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, 'जो लोग पर्यावरण पर बड़े-बड़े भाषण देते हैं, जब मैं परमाणु ऊर्जा का काम आगे बढ़ाता हूं तो वे इसे रोकने के लिए अदालतों में जाते हैं।'

### मोदी की स्पीच की 7 बड़ी बातें

- पीएम मोदी ने कहा- 'भारत जी20 में इकलौता ऐसा देश है, जिसने पेरिस में कॉप-21 समिट में कार्बन उत्सर्जन को लेकर जो भी वादे किए थे, वे पूरे किए।'
- भारत ने पर्यावरण को लेकर तीन बड़े लक्ष्य तय किए थे। पहला, 2030 तक 2005 के मुकाबले कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता 33-35% कम करना था। दूसरा, 2030 तक देश की बिजली क्षमता का करीब 40% हिस्सा गैर-जीवाश्म ऊर्जा से तैयार करना था। तीसरा, पेड़ और जंगल बढ़ाकर 2.5-3 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड सोखने की क्षमता तैयार करना था।
- हम दुनिया को साथ लेकर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए नए तरीके अपना रहे हैं। भारत अपनी पुरानी पर्यावरण संरक्षण की सोच को आधुनिक तरीके से आगे बढ़ा रहा है।
- 12 साल पहले भारत की सोलर एनर्जी करीब 2 गीगावाट थी, आज यह 160 गीगावाट से ज्यादा हो चुकी है। वहीं, 12 साल में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की संख्या 950 गुना बढ़ी है।
- विकसित देशों में प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन भारत से करीब 6 गुना ज्यादा है। भारत ने इस बात को वैश्विक मंचों पर लगातार उठाया है।
- भारत ने वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड, इंटरनेशनल सोलर अलायंस, ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस, इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस और मिशन लाइफ जैसी पहल शुरू की हैं।
- भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन लॉन्च हो चुकी है। यह दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन है और स्वच्छ परिवहन की दिशा में एक नई शुरुआत है।

### पेरिस कॉप-21 क्या है

पेरिस कॉप-21 जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के तहत आयोजित 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन था, जो 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2015 तक फ्रांस की राजधानी पेरिस में हुआ था।

इसमें करीब 195 देशों ने हिस्सा लिया और पेरिस समझौता अपनाया गया। इसका उद्देश्य दुनिया के औसत तापमान में बढ़ोतरी को 2एष्ट से काफी नीचे रखना और 1.5एष्ट तक सीमित करने की कोशिश करना था। इसके तहत हर देश ने कार्बन उत्सर्जन कम करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अपने-अपने लक्ष्य तय किए थे।

# राजस्थान में मानसून की विदाई शुरू, हिमाचल में ठंड बढ़ी : यूपी के गोंडा में 10 गांवों में बाढ़, 12 एकड़ जमीन नदी में समाई



**नई दिल्ली एजेन्सी।** देश भर में मानसून का असर अब कम होने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजस्थान के पश्चिमी हिस्से में आज से मानसून की वापसी होने लगी है।

इधर लौटते मानसून से तमिलनाडु समेत दक्षिण के 4 राज्यों में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को तमिलपनाडु के थेनी जिले में तेज बारिश हुई।

यूपी में 10 गांव अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। कई घरों और आसपास के इलाकों में पानी भरा हुआ है। 12 एकड़ से ज्यादा खेती वाली जमीन नदी के कटाव में समा गई है।

हिमाचल प्रदेश में बारिश-बर्फबारी के बाद सुबह-शाम और रात में ठंड में इजाफा हुआ है। ताबो का न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

**ओडिशा में 4 दिन बाद तेज बारिश का अलर्ट**

मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि अंडमान सागर के ऊपर कम दबाव का एक क्षेत्र बनने वाला है, जो गहरा होकर 'डीप डिप्रेशन' में बदल जाएगा और 23 सितंबर की सुबह ओडिशा-आंध्र प्रदेश के तट पर पहुंचेगा। विभाग ने इसके असर से आंधी-तूफान और तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी दी है।

**यूपीः 31 जिलों में बारिश का अलर्ट, गोंडा में 20 बीघा जमीन नदी में समाई**

उत्तर प्रदेश में मानसून की विदाई का समय नजदीक आ गया है। अगले 12 से 24 घंटे में राजस्थान के रास्ते मानसून की वापसी शुरू होने के आसार हैं। शनिवार को लखनऊ, वाराणसी, कानपुर और प्रयागराज समेत कई शहरों में सुबह बादल छाए रहे, लेकिन बाद में धूप निकल आई। आज प्रदेश के 31 जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश का अलर्ट है। गोंडा में 20 बीघा खेती की जमीन नदी में समा गई। वाराणसी में गंगा का जलस्तर घटने से घाटों की सीढ़ियां दिखाई देने लगी हैं।

# पेपर लीक के बाद रद्द हुई एसआई भर्ती परीक्षा आज

## 2.18 लाख अभ्यर्थी देंगे एग्जाम; ओएमआर शीट में पांचवां विकल्प भरना अनिवार्य



**जयपुर कासं।** पेपर लीक के कारण रद्द हुई 2021- एसआई भर्ती परीक्षा रविवार को अजमेर सहित प्रदेश के 11 जिलों में दोबारा होगी। परीक्षा में 2 लाख 18 हजार 131 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

परीक्षा दो पारियों में, सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और दोपहर 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे होगी। इस बार अभ्यर्थियों को ओएमआर (OMR ) शीट में पांचवां विकल्प (अनुत्तरित प्रश्न) भरना अनिवार्य किया गया है।

परीक्षा के दौरान डिबार किए गए अभ्यर्थियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। आयोग अध्यक्ष ले. कर्नल केसरी सिंह ने अधिकारियों को परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

**11 जिलों में 666 परीक्षा केंद्र**

परीक्षा के लिए प्रदेश के 11 जिलों में कुल 666 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जयपुर में सबसे ज्यादा 187 सेंटर हैं। परीक्षा दो पारियों में होगी। पहली पारी में सामान्य हिंदी का पेपर होगा, जबकि दूसरी पारी में सामान्य ज्ञान व सामान्य विज्ञान की परीक्षा ली जाएगी।

**ओएमआर शीट में 5वां विकल्प भरना होगा अनिवार्य**

वर्तमान नियमानुसार, इस बार अभ्यर्थियों के लिए ओएमआर शीट में पांचवां विकल्प (अनुत्तरित प्रश्न) भरना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है, तो उसे यह 5वां गोला आवश्यक रूप से भरना होगा।

इस कार्य को पूरा करने के लिए प्रत्येक पेपर में 10 मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा। आयोग ने इस संबंध में अपनी वेबसाइट पर शुद्धि पत्र भी जारी किया है।

**डिबार किए गए अभ्यर्थियों पर होगी नजर**

परीक्षा में डमी अभ्यर्थी रोकने के लिए इस बार पहचान सत्यापन की बहुस्तरीय व्यवस्था की गई है। केंद्रों पर अभ्यर्थियों के चेहरे का फेस रिकग्निशन, थंब इंप्रेशन और बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन से मिलान किया जाएगा।

प्रवेश के दौरान एचएचएमडी (हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) से जांच भी होगी। मेटा ग्लासेस, ब्लूटूथ डिवाइस सहित हाईटेक उपकरणों पर विशेष नजर रहेगी। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस और प्रशासन की निगरानी के साथ वीडियोग्राफी भी की जाएगी।

डिबार किए गए अभ्यर्थियों पर एसओजी और एटीएस की विशेष निगरानी रहेगी। किसी भी गलत गतिविधि, फर्जीवाड़े या डमी अभ्यर्थी को बैठाने के प्रयास पर राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम-2022 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय तटरक्षक बल के साथ तेयुप दक्षिण मुंबई की पर्यावरण संरक्षण में सार्थक पहल

**(खबर आस पास)**

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस के अवसर पर 19 सितंबर को गिरगांव चौपाटी, मुंबई में भारतीय तटरक्षक बल, मुंबई के साथ तेरापंथ युवक परिषद दक्षिण मुंबई द्वारा संयुक्त रूप से बीच क्लीन-अप ड्राइव का आयोजन किया गया। यह पहल रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें तेयुप दक्षिण मुंबई ने सहयोगी संस्था के रूप में सक्रिय सहभागिता निभाई।प्रातः 6:30 से 9:00 बजे तक चले इस अभियान का उद्देश्य समुद्र तट को स्वच्छ रखने के साथ-साथ समुद्री पर्यावरण के संरक्षण एवं नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों, जवानों, स्वयंसेवकों एवं विभिन्न सहभागी संस्थाओं ने मिलकर गिरगांव चौपाटी पर स्वच्छता अभियान चलाया।कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि समुद्र में जाने वाले प्रत्येक प्लास्टिक एवं कचरे को रोकना समुद्री जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान है। अभियान का संदेश रहा– ÒClean Coast - Clean Ocean - Sustainable Future. Ò तेयुप दक्षिण मुंबई की ओर से अध्यक्ष सुमीत सुराणा, उपाध्यक्ष पूरण चपलोत एवं दर्शन डागलिया, मंत्री श्रेयांस मुनोत, कोषाध्यक्ष रौनक धाकड़ तथा सहमंत्री दीपेश बोराणा सहित परिषद के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम में भारतीय तटरक्षक बल, क्षेत्र पश्चिम के चीफ ऑफ स्टाफ एवं कमांडर छह्ल्ल विभूति रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।अंतरराष्ट्रीय तटीय स्वच्छता अभियान वैश्विक स्तर पर सितंबर के तीसरे सप्ताह में आयोजित होने वाली पहल है। भारत में भारतीय तटरक्षक बल वर्ष 2006 से इस महत्वपूर्ण अभियान के समन्वय में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।तेयुप दक्षिण मुंबई की इस सहभागिता ने 'सेवा संस्कार संगठन' की भावना को साकार करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।

# तेरापंथ युवक परिषद के रक्तदान शिविर में 127 यूनिट रक्त संग्रहित

**(खबर आस पास)**

**लूणकरणसर।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में तेरापंथ युवक परिषद लूणकरणसर द्वारा स्व. कन्हैयालाल बोथरा की स्मृति में 19 सितंबर को तेरापंथ भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं एवं समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए 127 यूनिट रक्तदान किया।शिविर में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विभव तंवर की उपस्थिति रही।

रक्त संग्रहण का कार्य पीबीएम एवं संबद्ध चिकित्सालय, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज, बीकानेर के रक्त केंद्र की टीम द्वारा डॉ. कालूराम के नेतृत्व में किया गया।रक्तदान के प्रति युवाओं के उत्साह की सराहना करते हुए रक्त केंद्र, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की ओर से तेरापंथ युवक परिषद लूणकरणसर को प्रेरक प्रशंसा-पत्र प्रदान किया गया। प्रशंसा-पत्र में परिषद के प्रयासों को स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद रोगियों के जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण बताया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश गोलेछा, मंत्री चन्द्रकांत बरडिया एवं प्रभारी विजेंद्र बैद सहित परिषद के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के प्रचार प्रसार मंत्री श्रेयांस बैद,राजेश बोथरा, गौरव भूरा, कपिल नवलखा, विकास तातेड़, नरेंद्र तातेड़, अमित बोथरा, धनपत तातेड़, अरविंद बोथरा, गौतम बोथरा, पारस बैद, रोहित बीरमेचा, गौतम बाफना, जयंत बोथरा, अरिहंत चोरड़िया, युग दूगड़, रूपेश नवलखा एवं अर्हम बोथरा सहित कार्यकर्ताओं ने शिविर की व्यवस्थाओं में सहयोग किया।परिषद की ओर से बताया गया कि स्वैच्छिक रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा भविष्य में भी समाजहित में ऐसे सेवा कार्य निरंतर किए जाएंगे।

# राजीविका दीदी कैंटीन की संचालिका सीमा देवी को एक लाख रुपये का ऋण चेक प्रदान

**(खबर आस पास)**

बीकानेर श्रेयांस बैद,विकसित भारत जन सेवा अभियान-2026 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में राजीविका दीदी कैंटीन, लूणकरणसर की संचालिका सीमा देवी को राजीविका ओएसएफ के माध्यम से एक लाख रुपये का ऋण चेक प्रदान किया गया।सहायक अभियंता एवं प्रभारी जगदीश चौधरी तथा सहप्रभारी ईश्वर सोलंकी ने सीमा देवी को ऋण राशि का चेक प्रदान किया।यह ऋण राजीविका दीदी कैंटीन की गतिविधियों को बढ़ावा देने, व्यवसाय के विस्तार तथा महिला की आजीविका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपलब्ध करवाया गया है। इस पहल से सीमा देवी को स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने और आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। राजीविका के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार और आजीविका से जोड़ने के लिए इस प्रकार की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे महिलाएं अपने व्यवसाय का विस्तार कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

# 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन

## बालिकाओं को रजस्वला स्वास्थ्य, विद्यार्थियों को नेत्र सुरक्षा एवं आयुर्वेद आधारित स्वस्थ जीवनशैली की दी जानकारी

**(खबर आस पास)**

**बीकानेर श्रेयांस बैद** ,आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली, निदेशालय आयुर्वेद विभाग, राजस्थान, अजमेर तथा भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रतियोगितात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी क्रम में लक्की मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेणुबाला स्वामी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संजू शर्मा द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व तथा रजस्वला स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक किया।वहीं शालाक्य तंत्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी पंडित द्वारा विद्यालय के 50 विद्यार्थियों की नेत्र जांच की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को आंखों की उचित देखभाल, नेत्र स्वास्थ्य एवं आंखों से संबंधित समस्याओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। महाविद्यालय में संहिता एवं सिद्धांत विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर वैद्य रेखा दाधीच एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विमला ढाका के मार्गदर्शन में 'बेहतर भविष्य के लिए आयुर्वेद' विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने दोनों प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर अपनी जानकारी एवं समझ का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आयुर्वेद, स्वास्थ्य जागरूकता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति रुचि और समझ विकसित करना रहा। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेश कुमार सैनी, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजकुमार पारीक सहित महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नाम भी घोषित किए गए।

# ममता कोचर के 9 की तपस्या का तपाभिनंदन




**भीनासर (खबर आस पास)।** अमृत मुनि के सान्निध्य में शनिवार को भीनासर सभा भवन में कन्या मंडल की संयोजिका ममता कोचर के 9 की तपस्या का तप अभिनंदन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंगलाचरण महिला मंडल की गीतिका से हुआ। कन्या मंडल की बहनों ने गीतिका से अपनी संयोजिका का अभिनंदन किया। कोचर परिवार की बहनों ने भी गीतिका से अपने भाव व्यक्त किए। महिला मंडल अध्यक्ष शशि गोलछा, सभा मंत्री चैन रूप गोलछा, कन्या मंडल प्रभारी उर्मिला सेठिया आदि सभी ने विचार प्रस्तुत कर तप अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल की मंत्री प्रमिला सेठिया ने किया। इस मौके पर पारस गंग भी मौजूद रहे।

# मुंबई में बीआईएस हॉलमार्क जागरूकता कार्यक्रम, एचयूआईडी नियमों पर व्यापारियों को दी जानकारी




**मुंबई (खबर आस पास)।** मुंबई होलसेल गोल्ड ज्वेलर्स एसोसिएशन (MWGJA) की ओर से कालबादेवी स्थित महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल में बीआईएस हॉलमार्क जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आभूषण व्यापार से जुड़े व्यापारियों, विशेष रूप से निर्माताओं और थोक विक्रेताओं को भारतीय मानक ब्यूरो की हॉलमार्किंग व्यवस्था, एचयूआईडी तथा संबंधित नियमों की सही और व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम में भारतीय मानक ब्यूरो, मुंबई शाखा कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही। राजीव रंजन सिंह, वैज्ञानिक-एफ एवं प्रमुख, बीआईएस मुंबई शाखा कार्यालय, संदेश गोखणावर, वैज्ञानिक-डी, बीआईएस तथा आनंद भट्ट, वैज्ञानिक-सी, बीआईएस मुंबई शाखा कार्यालय ने उपस्थित होकर हॉलमार्किंग और एचयूआईडी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में जीजेसी के पूर्व अध्यक्ष सैयम मेहरा तथा आईबीजेए के सुरेंद्र मेहता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न आभूषण व्यापार संघों के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में आभूषण व्यापारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान एचयूआईडी हस्तांतरण, हॉलमार्किंग प्रक्रिया, निर्माताओं और थोक विक्रेताओं की जिम्मेदारियां, मौजूदा स्टॉक, अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं तथा व्यापार में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपस्थित व्यापारियों ने बीआईएस अधिकारियों के समक्ष अपनी विभिन्न शंकाएं और व्यावहारिक प्रश्न रखे। अधिकारियों ने इन प्रश्नों पर आवश्यक स्पष्टीकरण और मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के माध्यम से व्यापारियों को हॉलमार्किंग नियमों को सही ढंग से समझने और अपने व्यवसाय में उनका उचित पालन सुनिश्चित करने में सहायता मिली।

इस अवसर पर एमडब्ल्यूजीजेए के अध्यक्ष महेश बाफना ने कहा कि हॉलमार्किंग और एचयूआईडी आज आभूषण व्यापार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापारियों को नियमों की सही जानकारी प्राप्त होती है और उद्योग तथा नियामक संस्था के बीच संवाद एवं समन्वय और मजबूत होता है।

महेश बाफना ने बीआईएस अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एमडब्ल्यूजीजेए भविष्य में भी आभूषण उद्योग और नियामक संस्थाओं के बीच संवाद, सहयोग एवं बेहतर समझ को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

कार्यक्रम में एमडब्ल्यूजीजेए की ओर से महासचिव श्रेयांस कोठारी, कोषाध्यक्ष कमल मेहता, उपाध्यक्ष संदीप कोठारी, संयुक्त सचिव रिंकू बाफना, संयुक्त कोषाध्यक्ष नरेंद्र नवलखा, कार्यकारिणी सदस्य नितेश धाकड़ तथा पूर्व सचिव अनिल पामेचा सहित एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विभिन्न आभूषण व्यापार संघों के प्रतिनिधियों और आभूषण उद्योग से जुड़े व्यापारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। एमडब्ल्यूजीजेए ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी बीआईएस अधिकारियों, अतिथियों, विभिन्न संघों के प्रतिनिधियों और उपस्थित व्यापारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के जरिए हॉलमार्किंग और एचयूआईडी से जुड़े नियमों, प्रक्रियाओं तथा अनुपालन संबंधी विषयों पर व्यापारियों और बीआईएस अधिकारियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला।

# लूणकरणसर महाविद्यालय में बी.कॉम. शुरू करने की मांग

## आयुक्त उच्च शिक्षा को पत्र भेजकर शीघ्र स्वीकृति देने का किया आग्रह

**लूणकरणसर (खबर आस पास)।** राजकीय भीमसेन चौधरी महाविद्यालय, लूणकरणसर में बी.कॉम. (वाणिज्य) पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की मांग को लेकर सदस्य जिला देहात भाजपा बीकानेर श्रेयांस बैद ने उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ प्रेम चन्द बैरवा, तथा आयुक्त, कॉलेज शिक्षा/उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार को पत्र भेजा है। बैद ने बताया कि महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय उपलब्ध नहीं होने के कारण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बी.कॉम. की पढ़ाई के लिए अन्य शहरों अथवा निजी महाविद्यालयों पर निर्भर रहना पड़ता है। इससे ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ और आवागमन की परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि लूणकरणसर क्षेत्र में व्यापार, कृषि आधारित व्यवसाय, सहकारी संस्थाओं, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं तथा स्वरोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य शिक्षा उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। बी.कॉम. पाठ्यक्रम शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उच्च एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा का अवसर मिलेगा। श्रेयांस बैद ने आगामी शैक्षणिक सत्र से बी.कॉम. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक स्वीकृति प्रदान करने तथा आवश्यक पदों, विषयवार संकाय एवं आधारभूत सुविधाओं का परीक्षण कर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह कदम लूणकरणसर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के अवसरों के विस्तार में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# शिक्षक सम्मेलन के माध्यम शिक्षा में नवाचार तकनीकी पहलुओं पर विचार

## राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन सम्पन्न




**बीकानेर (खबर आस पास)।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन गंगाराम उच्च माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। संगठन के जिलाध्यक्ष आनंद पारीक ने बताया कि शिक्षक सम्मेलन के माध्यम शिक्षा में नवाचार तकनीकी पहलुओं पर विचार समापन समारोह में हुआ। संगठन के सुंदर कुमार बारूपाल ने कहा कि शिक्षा में तब सुधार हो सकता है जब शिक्षक को अपना कर्तव्य पालना के लिए ही कहा जाए यानि सिर्फ पढ़ाई के लिए ही काम में लिया जाए अन्य कार्य के लिए नहीं। जिलामंत्री असलम मोहम्मद ने कहा कि शिक्षकों पर शिक्षा के अपवा अन्य जिम्मेदारी जैसे बीएलओ कार्य दे रखे हैं जिससे वे अपना मूल काम छोड़कर गैर शैक्षिक काम में लगे हुए है। गुलाब नाथ योगी ने कहां की सरकार को शिक्षकों की समस्याओं का निदान करना चाहिए जिससे कि वह अपने कार्य में मन लगाकर कर्तव्य पूर्ण कर सके। प्रदेश प्रवक्ता यतीश वर्मा ने कहा कि प्राथमिक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय का एकीकरण एवं समग्र शिक्षा अभियान के कार्यालय को भी बीकानेर में स्थानांतरित करना चाहिए क्योंकि शिक्षा के तीन-तीन निदेशक बनाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जाना संभव नहीं है। शिक्षक के सामने यह समस्या खड़ी हो जाती है कि वो समग्र शिक्षा अभियान के आदेश माने या निदेशक प्राथमिक माध्यमिक शिक्षा के ऐसी स्थिति में निदेशालय का एकीकरण करते हुए माध्यमिक शिक्षा और प्रारंभिक शिक्षा का कार्यालय एक किया जाए और समग्र शिक्षा अभियान का कार्यालय बीकानेर में स्थापित किया जाए। जिलाध्यक्ष आनंद पारीक ने कहा कि सरकार को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए स्टाफिंग पैटर्न लागू करते हुए विभाग में समस्त संवर्गों के पदों को शीघ्र भरना चाहिए। ऑनलाइन कार्य के दबाव में शिक्षक अपना मूल कर्तव्य भूलकर सिर्फ ऑनलाइन कार्य करता रहता है ऐसी स्थिति में वह अपने दायित्वों का निर्माण सही तरीके से नहीं कर सकता। समापन समारोह में संगठन की प्रदेश महिला उपाध्यक्ष अंजुमन आरा , श्रीराम मूर्ति, ओम प्रकाश शर्मा ,गणपत राम, अजय भाटी,माया पारीक,विद्या पारीक,सुबोध हर्ष,शिव शंकर,राम चंद्र, चेनाराम, विनोद डूडी,श्रीराम लेघा, अनिल थानवी,अशोक बारूपाल आदि ने भी अपने वक्तव्य में प्रस्ताव रखे।

## पूनरासर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब : पूनरासर में उमड़ा आस्था का सैलाब, हनुमानजी के दर्शन को लगी लंबी कतारें

# जगह-जगह भंडारे, दाल-बाटी चूरमे का लगाया भोग





**बीकानेर (खबर आस पास)।** बीकानेर निकटवर्ती पूनरासर हनुमानजी के वार्षिक मेले के अवसर पर शनिवार को पूनरासर धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह तड़के 5 बजे से ही हनुमानजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई, जो दिनभर बनी रहीं। लाखों श्रद्धालुओं ने पूनरासर पहुंचकर बाबा के दरबार में मत्था टेका और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से पूरी तरह अटा नजर आया। रामायण पाठ के स्वरों के बीच भक्त बाबा की भक्ति में झूमते दिखाई दिए। शाम को श्रद्धालुओं ने जोत के दर्शन किए और इसके बाद अपने घरों की ओर लौटना शुरू किया।

**व्यवस्थाओं में जुटे रहे पुलिसकर्मी और सेवादार**

मेले में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। भीड़ और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूनरासर से करीब एक किलोमीटर पहले ही निजी वाहनों को रोक दिया गया। इसके बाद श्रद्धालु पैदल मंदिर तक पहुंचे। सेवादारों की टीमें भी पूरे दिन श्रद्धालुओं की सेवा में जुटी रहीं।

**जगह-जगह भंडारे, दाल-बाटी चूरमे का भोग**

पूनरासर जाने वाले मार्ग और मेला क्षेत्र में जगह-जगह भंडारे लगाए गए। श्रद्धालुओं को भोजन, चाय-नाश्ता और पानी उपलब्ध कराया गया। कई स्थानों पर दाल-बाटी चूरमे का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

**रोडवेज ने चलाई मेला स्पेशल बसें**

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शनिवार को रोडवेज ने भी मेला स्पेशल बसें संचालित कीं। वहीं हजारों श्रद्धालु निजी वाहनों से भी सपरिवार पूनरासर पहुंचे। दिनभर मेले में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और शाम तक बड़ी संख्या में भक्त बाबा के दर्शन कर वापस लौटते रहे।

**61वें अखण्ड रामचरितमानस पाठ में रामजन्मोत्सव धूमधाम से मनाया**

पूनरासर पारायण समिति के तत्वावधान में पूनरासर निज परिसर में चल रहे 61वें अखण्ड रामचरितमानस पाठ में मानस प्रेमियों द्वारा रामचरितमानस की चौपाइयों का राग-रागिनी के साथ भक्तिमय वातावरण में गायन किया गया। इस दौरान श्रीराम जन्मोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। रामजन्म प्रसंग के अवसर पर श्रद्धालुओं ने 'भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी' सहित रामजन्म की चौपाइयों का सामूहिक गायन किया। पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष और भक्ति संगीत से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। समिति के अध्यक्ष राज कुमार व्यास ने बताया कि पूनरासर पारायण समिति द्वारा आयोजित अखण्ड मानस पाठ में विभिन्न मानस पाठी अपनी-अपनी राग-रागिनी में रामचरितमानस की चौपाइयों का गायन किया। सचिव रामचन्द्र आचार्य ने बताया कि अखण्ड मानस पाठ में बड़ी संख्या में मानस प्रेमी एवं श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग लिया।